खबर संक्षेप

आंदोलनकारियों को फूंक देने की धमकी

शहडोल। शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे नागरिकों को भी राजनीतिक पहुंच के लोग गुण्डागर्दी का शिकार बना रहे हैं उन्हे आए दिन जान से मार देने व आग लगा देने की धमिकियां दे रहे हैं। इस आशय की शिकायत पुलिस महानिरीक्षक से वार्ड नंबर 35 निवासी धर्मेन्द्र श्रीवास्तव ने की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि शासकीय व पौराणिक बावली पर कब्जा करने के विरोध में वार्डवासी पिछले 56 दिनों से शांतिपूर्ण क्रमिक अनशन कर आंदोलन कर रहे हैं। इस स्थल पर पिछले सौ वर्षों से दुर्गा पूजा की जाती है। यहीं भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा की शह पर उनके परिजनो ने जेसीबी चलवा कर मलबे से बावली को भाट दिया और अतिक्रमण कर लिया। 30 मई को दोपहर 12 बजे विकास चपरा जो कि श्रीमती चपरा का देवर है मंच पर आकर रंजीत बसाक, प्रदीप सोनी, राजू लक्षकार, सुनील श्रीवास्तव से गाली गलौज कर अनशन मंच में आग लगा देने की धमकी दी। चपरा परिवार अपने राजनीतिक रसूख के बूते एक तो चोरी ऊपर से सीना जोरी की कहावत चरितार्थ करता नजर आ रहा है।

आज मनाया जायेगा विश्व तंबाकू निषेध दिवस

शहडोल। तंबाकू एक धीमा जहर है, इससे बचाव ही समझदारी थीम पर 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त जिलों में तंबाकू व नशा विरोधी गतिविधियाँ पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे।जिनमें छात्रों, युवाओं, स्वयंसेवी संगठनों तथा विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी रहेगी, प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण श्रीमती सोनाली वायंणकर ने बताया कि इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन की थीम पर आधारित कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रत्येक जिले में प्रभातफेरी, मैराथन, रंगोली, नुक्कड़ नाटक और गीत-संगीत के माध्यम से समाज को तंबाकू के दुष्परिणामों से अवगत कराया जाएगा।

जिले भर में आयोजित किए जा रहे कृषि शिविर

शहडोल। खरीफ फसल के पूर्व किसानों को विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत नवीन एवं उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी देने हेतु जिले में 29 मई से 12 जून तक कृषि शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत 31 मई को सोहागपुर जनपद पंचायत में कृषि वैज्ञानिक डॉ. अल्पना शर्मा के मार्गदर्शन में ग्राम पिपरिया, सेमरिया एवं खेतौली में गोहपारू जनपद पंचायत में कृषि वैज्ञानिक डॉ. बीके प्रजापति के मार्गदर्शन में ग्राम रामपुर, लेदरा एवं बरेली में जनपद पंचायत बुढ़ार में कृषि वैज्ञानिक डॉ. बीके प्रजापति के मार्गदर्शन में गिरवा, ढोलकू एवं खाम्हीडोल में कृषि शिविर आयोजित किए जाएंगे।

तम्बाकू से उगता है मुंह का कैंसर, जागरुकता के उपाय शून्यप्राय

आज विश्व तम्बाकू निषेध दिवस, कोरम तक सिमटी कार्रवाई

शहडोल

टीवी, कैंसर व एड्स जैसी जानलेवा महामारियों से बचाव के लिए शासन ने जागरुकता के साथ कुछ एहतियाती उपाय निर्धारित किए हैं, लेकिन प्रशासन की निकम्मी नौकरशाही अपने फर्ज से मुंह फेर कर न केवल समाज का असहयोग कर रही है बल्कि वह उसका अहित भी कर रही है। महामारियों से बचाव का सबसे बड़ा उपाय जागरुकता ही है लेकिन समाज के लोगों में समुचित प्रचार प्रसार बिना जागरुकता आएगी कैसे? जागरुकता के लिए भी अमले के अधिकारी कोई उपाय नहीं करते हैं। शासन की ओर से कार्यक्रम आते है, प्रचार प्रसार के निर्देश दिए जाते हैं लेकिन सब फाइलों में बंद कर एक किनारे रख दिए जाते हैं। पूर्व में प्रचार प्रसार के लिए सामाजिक न्याय विभाग में कला पथक दल ही नियुक्त रहता था अब उसका पता नहीं चलता। 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस है, हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी इसका कोरम पूरा कर लिया जाएगा, लेकिन जनता को लाभ नहीं मिल सकेगा। जबकि जनता को जागरुक करना ही शासन की मंशा रहती है।

तम्बाकू निषेध दिवस क्यों?

तम्बाकू निषेध दिवस इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि तम्बाकू व तम्बाकू के उत्पादों से सर्वाधिक रूप से मुंह का कैंसर होता है। एक जानकारी के अनुसार कैंसर के रोगियों में 60 से 70 फीसदी रोगी केवल तम्बाकू के कारण इस रोग से पीड़ित होते है। इसलिए तम्बाकू का निषेध होना और उसके विरुद्ध लोगों में अधिक से अधिक चेतना होनी बहुत ही आवश्यक है। तम्बाकू के घातक परिणाम जब तक लोग जानेगे नहीं तब तक उससे दूरी कै से बनाएंगे। कई गुटखा पाउच जैसे तम्बाकू के उत्पादों पर सरकार ने प्रतिबंध अवश्य लगाए हैं लेकिन सिगरेट पर कोई प्रतिबंध नहीं है। धरपकड़ की कार्रवाई भी जमकर नहीं की जाती है। गुटखों में अलग से तम्बाकू की पुड़िया दी जाती है। दरअसल शासन द्वारा कड़े कदम नहीं उठाए जाने से सबकुछ मनमानी चल रहा है।

जिले में कैंसर की स्थिति

जिले में 25 अप्रैल तक की स्थिति में कैंसर के 72 रोगी चिन्हित किये गए हैं। जिसमें 55 पुरुष व 17 महिलाएं हैं। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी अनुसार चिन्हित रोगियों में से 55 पुरुष व 17 महिलाएं हैं। इन रोगियों में 15 से 20 वर्ष तक की आयु के 6 रोगी, 20 से 50 साल के मध्य 53 रोगी, 50 से 70 के मध्य 13 रोगी हैं। इनमें से अधिकांश रोगी तम्बाकू व धूम्रपान के सेवन वाले हैं। सिगरेट के पैकेट में चेतावनी लिखी अवश्य रहती है, लेकिन वह केवल कोरम पूरा करने के लिए ही होती है। सवाल यह है कि अगर सिगरेट पीने से गुटखा तम्बाकू खाने से कैंसर होता है और सरकार चाहती है कि इसमें अंकुश लगे तो ऐसे उत्पाद मार्केट में आते ही क्यों हैं? मौत की पुडिय़ा क्यों बिक रही है? नशे की मण्डियां क्यों चल रहीं हैं?

प्रचार प्रसार की अहमियत नहीं

नशीले पदार्थों के सेवन और उनके घातक परिणामों से लोगों को जागरुक व सावधान करने के लिए शासन ने विधिवत एक दल गठित किया है, जिसमें नपा, खाद्य व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी शामिल किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग में डाक्टर शामिल किए गए हैं। नपा व खाद्य विभाग के अधिकारी दूकानदारों से न तो संपर्क करते हैं, न तो उनकी बैठकें बुलवाते हैं। शहर के अंदर नगरपालिका मुनादी तक नहीं कराती है। पूर्व में तो दीवारों पर नारे लिखे जाते थे, चेतावनी के बोर्ड लगाए जाते थे। लेकिन अब ऐसा कुछ नहीं होता है, अमला कह देता है कि सरकार अब बजट नहीं देती है। जनता को उसके हाल पर छोड़ कर अफसर मजे करते हैं।

कला पथक दल कहां गया

सामाजिक न्याय विभाग में एक दल ही रखा जाता था जो संगीत व नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जनता के सामाजिक कुरीतियों व नशे के खिलाफ जागरुक करता था। यह दल संगीत के लय पर क्षेत्रीय भाषाओं के माध्यम से लोगों तक संदेश पहुंचाता था, चौपालों व चौराहों में इसका कार्यक्रम होता था। लेकिन ज्ञात हुआ है कि एक तो अब इस दल की नियुक्ति नहीं होती और पूर्व का दल अब कार्यालय की बाबूगिरी कर रहा है। वह कहीं भी अब प्रचार प्रसार नहीं करता है। विभाग ने उनके लिए भी पाबंदी लगा दी है, कहा यह जाता है कि कला पथक दल के लिए वाहन की व्यवस्था नहीं होती है, वाहन का खर्चा कौन उठाए?

नवीन खेत तालाब निर्माण के हो रहे निर्माण

शहडोल। जल है प्रकृति का अमूल्य उपहार बचाओ इसे, यही है जीवन का आधार जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायतो में जल संरक्षण के कार्य कराए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान जल के एक एक बूंद को सहेजने के लिए 30 जून 2025 तक अभियान चलाया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद पंचायत बुढ़ार में ग्राम पंचायत घोघरी, गोरतरा,कदाहर में नवीन खेत तालाब के कार्य किया गया।

लोकमाता देवी आहिल्याबाई के जीवन दर्शन पर आधरित कार्यक्रम सम्पन्न

शहडोल। प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार लोकमाता देवी अहिल्याबाई के जीवन दर्शन पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुढार में किया गया। कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए प्राचार्य गंगा मिश्रा ने कहा कि अहिल्याबाई को उनके प्रशासनिक कौशल, परोपकार और देश के मंदिरों के संरक्षण और पुनर्निर्माण में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता है। वे एक परोपकारी महिला थी जो अपने दान कार्य और धार्मिक उत्साह के लिए प्रख्यात थी जो हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत रही हैं। लोकमाता देवी आहिल्याबाई प्रशासनिक दक्षता, धार्मिक सहिष्णुता और महिला सशक्तिकरण का उदाहरण प्रस्तुत किया। देवी आहिल्याबाई ने काशी, गया, द्वारका जैसे पवित्र स्थलों का पुनर्निर्माण करवाकर भारतीय संस्कृति की सेवा की।

लोकमाता देवी अहिल्याबाई की जयंती पर महाविद्यालयीन छात्रों के मध्य भाषण एवं निबंध प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। भाषण प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा ऋषिका कुशवाहा ने प्रथम, बीए, द्वितीय वर्ष की छात्रा दामिनी बैरागी ने द्वितीय तथा निबंध प्रतियोगिता में बीए की छात्रा दामिनी बैरागी प्रथम तथा बीए द्वितीय वर्ष के छात्र तीरथ साहू द्वितीय स्थान एवं बीए प्रथम वर्ष की छात्रा गरिमा त्रिपाठी ने तृतीय स्थान अर्जित किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के राजनीति शास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. दिनेश वर्मा ने किया।

शासकीय उचित मूल्य दुकान से 160 बोरी गेंहू सहित 13 बोरी चावल पार

शहडोल।

जिले के देवलोंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जनकपुर में बीती रात शासकीय उचित मूल्य दुकान से भारी मात्रा में अनाज चोरी हो गया। अज्ञात चोरों ने दुकान के दोनों गेट तोडक़र करीब 160 बोरी गेहूं और 130 बोरी चावल पर हाथ साफ कर दिया। हालांकि, ग्रामीण चोरी की घटना को संदिग्ध मान रहे हैं।

पुलिस के अनुसार, यह दुकान लखन तिवारी द्वारा संचालित की जाती है। बीती शाम तक दुकान में राशन वितरण का कार्य किया गया, जिसमें 290 बोरी चावल में से 88 बोरी वितरित की जा चुकी थीं। शेष चावल और गेहूं दुकान में ही संग्रहित थे। सुबह लगभग 10:30 बजे संचालक अपने साथियों मनोज तिवारी, कैलाश सिंह चौहान, नवल तिवारी, चंद्रिका यादव, जितेन्द्र बेमट और शैलेन्द्र यादव के साथ जब दुकान पहुंचे तो देखा कि दुकान के दोनों मुख्य गेट टूटे हुए थे। अंदर जाकर देखा तो पूरा स्टॉक बिखरा पड़ा था, करीब दो लाख का अनाज चोरी हो चुका था। यह दुकान शासकीय उचित मूल्य दुकान (सेंटर) जनकपुर के अंतर्गत आती है। चोरी की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो यह भी देखा गया कि इतने बड़े पैमाने पर राशन चोरी के लिए चोरों को किसी भारी वाहन की आवश्यकता पड़ी होगी, लेकिन वहां का रास्ता काफी सकरा है। जिससे चोरी का मामला संदिग्ध लग रहा है। हालांकि, पुलिस जांच कर रही है।

विभाग के अधिकारियों को भी मामले से अवगत कराया गया है, जो जांच कर रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि मामला संदिग्ध, राशन दुकान संचालक भी पुलिस की जांच के घेरे में है।

इनका कहना है...

अज्ञात चोरों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। स्थानीय लोगों ने कई बातें बताई हैं, उस दिशा में भी जांच कर रहे हैं।

सुभाष दुबे
थाना प्रभारी, देवलोंद

महिला अधिकारी संभाल रहीं संभागीय मुख्यालय की यातायात व्यवस्था

शहडोल। संभागीय मुख्यालय शहडोल की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाने में शहडोल की यातायात प्रभारी सूबेदार सुश्री प्रियंका शर्मा अपनी अहम भूमिका निभा रही हैं। नगर की सडक़ों पर बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए यातायात व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। सूबेदार सुश्री प्रियंका शर्मा ने अपने कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और प्रबंधन कौशल से न केवल ट्रैफिक संचालन को बेहतर किया है, साथ ही आम नागरिकों में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता भी बढ़ाने का कार्य भी कर रही है। जिले में नियमित रूप से स्कूली बच्चों, वाहन चालकों और आम जनता को यातायात नियमों की जानकारी देने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्हें देखकर समाज की महिलाएं प्रेरित होती है कि हम भी पुलिस की भर्ती में शामिल होकर देश की सेवा करें ।

यातायात प्रभारी सुश्री प्रिंयका शर्मा का कहना है कि पुलिस विभाग में महिलाओं को नौकरी करना चुनौतीपूर्ण कार्य है, महिलाओं को अपने नौकरी के साथ पारिवारिक दायित्वों का भी निर्वहन करना होता है, अच्छे समय प्रबंधन के साथ नौकरी एवं परिवारिक दायित्वों का निर्वहन किया जा सकता है। महिला सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाएं आत्मनिर्भर बने। इसके लिए महिलाओं का शिक्षित होना जरूरी है, महिलाए शिक्षित होगी तो पूरा समाज शिक्षित होगा तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होगी और आत्मनिर्भर होगी। महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह एक प्रेरणादायक कदम है, जो यह सिद्ध करता है कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में सफलता पूर्वक नेतृत्व कर सकती हैं। उन्होने कहा कि पुलिस जनता की सेवक है । पुलिस और जनता के बीच जो दूरी है, उसे भी कम करनें का प्रयास किया जा रहा है ।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को धन्यवाद देते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए किये जा रहे बेहतर कार्य किए जा रहे है और अब महिलाएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं।

लाठी डंडे से की युवती की हत्या

उमरिया। जिले के कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उफरी में 17 वर्षीय गोमती पिता स्व.रामगोपाल कोल की उसके मकान में ही डंडे लाठी से हमला कर हत्या कर दी गई थी। घटना की जानकारी पर गुरुवार की रात मौके पर पुलिस पहुंची थी और कार्यवाही कर शव कब्जे में ली थी। इस मामले में पुलिस कई संदेहियों के साथ मृतिका के चचेरे भाई हीरालाल पिता राजू कोल से पूछताछ कर रही है। मृतिका बिना मां-बाप के थी, कुछ वर्ष पहले माता-पिता दोनों का देहावसान हो गया था, मृतिका का

एकलौता भाई रामनरेश कोल मुख्यालय स्थित सेंट्रल बैंक के बगल से छोटी-मोटी दुकान कर परिवार का भरण पोषण करता था, ऐसे में घर पर ही मासूम गोमती की अज्ञात कारणों से जघन्य हत्या गम्भीर सवाल खड़े कर रही है, पुलिस ने जघन्य हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में लगी है, कई संदेहियों और परिवार के लोगों से पुलिस पूछताछ भी कर रही है। इस मामले में जिन परिस्थितियों में युवती का शव मकान में मिला है, उससे कयास लगाया जा रहा है कि युवती की हत्या किसी खास या जानकार ने ही साजिशन अंजाम दिया है।

सर्पदंश से हुई बालक की मौत

शहडोल। जिले में उमस भरे मौसम में सर्पदंश के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, जैतपुर थाना क्षेत्र के दरशिला चौकी अंतर्गत एक गांव में 6 वर्षीय बालक को जहरीले सांप ने काट लिया, जिससे उसकी मौत हो गई, पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के दरशिला चौकी के रैकोबा गांव में रहने वाले प्रकाश सिंह के 6 वर्षीय पुत्र दक्ष उर्फ डुग्गू गोंड़ की जहरीले सर्प ने डस लिया, जिससे उसकी मौत हो गई, बालक के पिता ने बताया कि उनका पुत्र दादी के साथ बीती रात्रि सो रहा था और माता-पिता घर के आंगन में सोए हुए थे। रात्रि तकरीबन 12 बजे बालक की मां बाथरूम गई तो, उसने घर के आंगन में एक जहरीले सांप को देखा और इसकी जानकारी घर के अन्य लोगों को दी, इसके बाद बालक का पिता प्रकाश एवं पड़ोसी रिश्तेदार घर पहुंचे तो घर में दो जहरीले सांप दिखाई दिए, जो घर के आंगन एवं एक अंदर के कमरे में मौजूद था, सभी लोगों ने मिलकर दोनों जहरीले सांप को घर से बाहर निकाल दिया और सो गए। बालक के पिता प्रकाश ने पुलिस को बताया कि जब सुबह 05 बजे हम सब उठ तो बालक भी हमारे साथ उठा और आंगन में खेलने लगा, तभी कुछ देर बाद उसने दादी को आकर बताया कि उसके पैर में लकड़ी छुप गई है। लेकिन उस दौरान किसी ने उसे पर ध्यान नहीं दिया, और कुछ देर बाद बालक खेलते खेलते बेहोश हो गया ,तब जाकर परिजन चिंतित हुए और पैर में देखा तो सर्प दंश के निशान दिखाई दिए। इसके बाद बालक को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन रास्ते में ही बालक ने दम तोड़ दिया। चौकी प्रभारी दरशिला राजकुमार ठाकुर ने बताया की मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

रिटायर्ड एसडीओ के खेत से 3 करोड़ का गांजा मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

3 करोड़ का गांजा, 2 तस्कर, 1 झोपड़ी और कई सवाल, शहडोल पुलिस की बड़ी कार्रवाई

शहडोल। जिले के जयसिंहनगर थाना अंतर्गत ग्राम गिरूई खुर्द के जंगल में स्थित एक खेत से पुलिस ने 3 करोड़ 6 लाख 8 हजार रुपये कीमती गांजा बरामद कर सनसनी फैला दी थी, रिटायर्ड वनकर्मी के खेत के पास स्थित एक झोपड़ी में लावारिस हालत में मिले 121 बोरियों में कुल 38 क्विंटल 26 किलो 600 ग्राम गांजा छिपाकर रखा गया था, जिसे पुलिस ने 19 मई को जब्त किया था, इस हाई-प्रोफाइल मादक पदार्थ तस्करी के मामले में पुलिस ने 12 से अधिक संदिग्धों से गहन पूछताछ के बाद ब्यौहारी निवासी कन्हैया लाल गुप्ता उर्फ गोलल्हई और टिहकी निवासी राजेश तिवारी उर्फ राजू को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी इस गांजे को जिले के बाहर तस्करी करने की फिराक में थे, लेकिन पुलिस की सतर्कता ने उन्हें पहले ही दबोच लिया।

12 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ

19 मई को पुलिस को सूचना मिली कि गिरूई खुर्द गांव के पास एक झोपड़ी में कुछ संदिग्ध गतिविधियाँ हो रही हैं। मौके पर पहुंची टीम ने जब झोपड़ी की तलाशी ली, अंदर बोरियों में भरा करोड़ों रुपये कीमत का गांजा पड़ा था। यह जगह एक रिटायर्ड वन कर्मचारी के खेत के पास की बताई गई है, जिससे यह पूरा मामला और अधिक सनसनीखेज हो गया। मामले में जांच के लिए पुलिस ने जब क्षेत्र के 12 से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो सामने आया कि इस गांजे का मालिक कोई आम अपराधी नहीं, बल्कि ब्यौहारी निवासी कन्हैया लाल गुप्ता उर्फ गोलल्हई और टिहकी गांव निवासी राजेश तिवारी उर्फ राजू हैं। दोनों लंबे समय से नशे के इस गोरखधंधे में लिप्त थे और उन्होंने जंगल के भीतर इस सूनसान झोपड़ी को अपना गुप्त गोदाम बना रखा था। यह स्पष्ट हो गया है कि यह कोई मामूली तस्करी नहीं, बल्कि एक संगठित नेटवर्क का हिस्सा था, जो कई जिलों और संभावित रूप से राज्यों में फैला हुआ है।

निलंबित हुए थे प्रभारी

हाई-प्रोफाइल मामले में जैसे ही खबर फैली, स्थानीय राजनीति में भूचाल आ गया। कुछ स्थानीय प्रभावशाली नेताओं के नामों का इस रैकेट से जुडऩा, चर्चा का विषय बन गया। हालांकि पुलिस ने इन नामों की अभी तक पुष्टि नहीं की है, लेकिन तस्करों की गिरफ्तारी के बाद इन नेताओं ने जरूर राहत की सांस ली है। इस घटना ने यह सवाल जरूर खड़ा कर दिया है कि नशे का कारोबार सिर्फ अपराधियों तक ही सीमित है या कहीं रसूखदारों की भी परछाई इस अंधेरे धंधे पर पड़ती है। इस पूरे मामले में लापरवाही बरतने और समय पर सूचना न मिलने की जिम्मेदारी तय करते हुए, जयसिंहनगर थाने के थाना प्रभारी एसपी चतुर्वेदी को निलंबित कर दिया गया था। उनकी जगह अब अजय बैगा को थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है, जिन्हें साफ निर्देश दिए गए हैं कि जिले में नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कड़ी कार्रवाई की जाए।

कन्हैया पर हत्या सहित दर्जनों अपराध दर्ज

गांजा प्रकरण में पकड़ाये कन्हैया उर्फ गोलहईया उर्फ काला नाग के विरूद्ध प्रदेश के कई जिलों के साथ अन्य प्रदेशों में भी कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, ब्यौहारी पुलिस ने 1990 में 279, 337, 378, वर्ष 1993 में 279, इसी वर्ष अमरपाटन सतना में 302, 394, वर्ष 1993 में ब्यौहारी थाना में 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट, धमतरी (छत्तीसगढ़) में 1997 में 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के साथ ही 25, 27, 29 आम्र्स एक्ट, इसी वर्ष धमतरी में 307, 147, 186 के तहत अपराध दर्ज हुआ, इसके 9 साल बाद जयसिंहनगर थाना में 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज हुआ, शहडोल कोतवाली में 2008 को

विकसित कृषि संकल्प अभियान का जिला स्तरीय शिविर संपन्न

खेती को लाभ का धंधा बनाने किसान नवीन तकनीकों को अपनाएं: विधायक जयसिंह मरावी

किसान अभियान के माध्यम से खेती में आने वाली समस्याओं का प्राप्त करें निदानः कृषि वैज्ञानिक

शहडोल। विकसित कृषि संकल्प अभियान का जिला स्तरीय शिविर बुढ़ार जनपद पंचायत के ग्राम सेमरा में विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक जैतपुर ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए संकल्पित है। हमें खेती की लागत को कम करने के लिए जहां नवीन तकनीकों तथा नवाचारों को अपनाने के जरूरत है, वहीं मिट्टी की गुणवत्ता, संतुलित उर्वरक का उपयोग बीजों का चयन के बारे में भी जागरूक होना होगा। खेती के काम समय पर पूरे हों तथा किसी भी समस्या के आने पर कृषि वैज्ञानिकों की सलाह लेकर हम समस्या का निजात कर सकते हैं। खेती के साथ-साथ मत्स्यपालन, पशुपालन, उद्यानिकी फसलें लेने से किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं।

समस्या बताकर पाएं निदान

कृषि वैज्ञानिक डॉ. मृगेन्द्र सिंह ने कहा कि खेती के समय आने वाली समस्याओं के निदान के लिए शासन द्वारा गांव-गांव में यह अभियान शुरू किया गया है। किसान अपनी समस्याएं बताकर निदान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होनें कहा कि प्राकृतिक खेती एंव जैविक खेती सबसे ज्यादा लाभकारी है। आपने हाईब्रिड धान बीज का उपयोग कम से कम करने तथा शहडोल जिले में जेआर 206, जेआर 81 जैसी धान की किस्मों का प्रयोग करने की सलाह दी। आपने कहा कि गोबर की खाद को पूरे खेत में फैलाने की जगह इस तरह से उपयोग करें कि फसलों को पर्याप्त जैविक खाद मिल सके। उचहन क्षेत्रों में दलहन एवं तिलहन की फसलें लगाएं। गोबर खाद को पकाने के लिए वायोडाईजस्टर का उपयोग करें।

डीएपी से ज्यादा उपयोगी एनपीके

उप संचालक कृषि आर.पी.झारिया ने बताया कि जिले में रासायनिक उर्वरक सभी सहकारी समितियों तथा 5 डबल लॉक केन्द्रों में उपलब्ध है। जो किसान सहकारी समितियों के सदस्य हैं, रासायनिक उर्वरक वहां से प्राप्त करें। डबल लाक केन्द्रों से किसान नगदी में उर्वरक खरीद सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिले में किसान डीएपी के प्रयोग को प्रमुखता देते हैं, जबकि एनपीके उर्वरक इससे ज्यादा उपयोगी तथा प्रभावी है। आपने किसानों से आग्रह किया हैं कि डीएपी की जगह एनपीके का उपयोग प्रमुखता से करें।

जलवायु के अनुरूप करें बीज का चयन

किसान संघ के अध्यक्षक रविकांत त्रिपाठी ने कहा कि खेती से लाभ प्राप्त करने के लिए खेती को व्यवसाय के रूप में अपनाना होगा। सभी किसान मिलकर ऐरा प्रथा का निदान स्वयं कर सकते हैं। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हर्ष सिंह ने कहा कि खेती में पानी का बहुत अधिक महत्व है। हम सबको जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य में सहभागी बनना चाहिए तथा सिंचाई के लिए पानी की सुविधा की व्यवस्था भी करना चाहिए। कृषि वैज्ञानिक डॉ बीके प्रजापति ने कहा कि वर्षा आरंभ होने के बाद हर बखर चलाकर खेत को समतल कर लेना चाहिए। स्थानीय मिट्टी एवं जलवायु के अनुरूप बीज का चयन करना चाहिए। मिट्टी का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर आवश्यकता अनुसार उर्वरक का उपयोग करना चाहिए। कीटनाशकों का कम से कम उपयोग करना चाहिए।

योजनाओं की दी गई जानकारी

इस अवसर पर कृषि अभियांत्रिकी विभाग के सहायक यंत्री रीतेश पयासी ने कृषि यंत्रों के उपयोग तथा ऑनलाइन आवेदन करने पर मिलने वाले अनुदान की जानकारी दी। शिविर में पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्यपालन विभाग के मैदानी अमले द्वारा शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उप संचालक कृषि आर.पी.झारिया, कृषि विज्ञान केन्द्र के समन्वयक, कृषि वैज्ञानिक डॉ. मृगेन्द्र सिंह, कृषि वैज्ञानिक डॉ. बीके , सहायक अभियंता कृषि अभियांत्रिकी रीतेश पयासी, सहायक संचालक कृषि रामेन्द्र सिंह, सीईओ जनपद पंचायत बुढ़ार राजीव लघाटे, एपीओ दिवाकर सिंह, रिलायंस सीएसआर हेड रंजीत श्रीवास्तव, जनपद उपाध्यक्ष बुढ़ार हर्ष प्रताप सिंह,किसान संघ के अध्यक्षक रविकांत त्रिपाठी, नर्मदा साहू, राहुल सिंह, यशोदा सिंह, ग्राम पंचायत सरपंच सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस आज मनाया जाएगा

उमरिया। उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग ने बताया कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस कार्यक्रम 31 मई को आयोजित किया जाएगा । कार्यक्रम के माध्यम से मद्यपान तथा मादक पदार्थो , नशीली दवाईयो , शराब एवं विभिन्न प्रकार के नशे से होने वाले दुष्परिणामों से समाज, युवाओं को अवगत कराने, नशा मुक्ति के लिए जन जागृति कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ।

2 जून को बाढ़ आपदा प्रबंधन की बैठक

उमरिया। अतिवर्षा एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने की पूर्व तैयारी के संबंध में बाढ़ आपदा प्रबंधन की बैठक 2 जून को समय सीमा की बैठक पश्चात आहूत की गई हैं। बैठक में बाढ़ जोखिम विष्लेषण तथा संवेदनशील वर्गो की पहचान तथा बचाव हेतु स्थानीय योजना, इंसिडेंट रिस्पोंस टीम तथा आपदा प्रबंधन समितियों के गठन, बाढ़ आपदा प्रबंधन हेतु नोडल विभागों का निर्धारण ,संसाधन सूची, बाढ़ जन जागृति कार्यक्रम, बचाव कर्मियों का प्रषिक्षण तथा माक ड्रिल का आयोजन, बाढ़ मानक संचालन प्रक्रिया अनुसार कार्यवाही, बाढ़ पूर्वानुमान प्राप्त करने तथा चेतावनी, अलर्ट जारी करने की व्यवस्था , राहत कैंपों का चिन्हांकन एवं तैयारी, अबाधित आपदा संचार व्यवस्था की पूर्व तैयारी आदि बिंदुओ पर चर्चा की जाएगी।

विकसित कृषि संकल्प अभियान रथ ग्राम पंचायतों का करेगा भ्रमण

उमरिया। उप संचालक कृषि संग्राम सिंह मरावी ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जन जागरूकता रथ 31 मई पाली विकासखंड की ग्राम पंचायत मलहदू, मुदरिया, बरहाई, करकेली विकासखंड की ग्राम पंचायत आमाडोगरी,मरदरी, कोहका 82 तथा मानपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत पनपथा, चंसुरा तथा दमोय का भ्रमण करेगा एवं किसानों को खरीफ पूर्व खेती की तैयारी की जानकारी देगा ।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आज ली जाएगी शपथ

उमरिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा एस बी चौधरी ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है । इस अवसर पर जिला चिकित्सा , सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र , प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ जन आरोग्य मंदिर पर सामूहिक शपथ का आयोजन किया गया है । कार्यक्रम के माध्यम से आम जनों को नशा नही करने की शपथ दिलाई जाएगी एवं नशे के कारण होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराया जाएगा ।

ग्राम पंचायतों में दी जा रही खरीफ पूर्व खेती की तैयारी की जानकारी

उमरिया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत केन्द्र एवं राज्य शासन की कृषि से संबंधित प्रमुख योजनाओं तथा कृषि से संबंधित किए जा रहे नवाचारों, परंपरागत कृषि तकनीकी के साथ साथ समन्वित कृषि प्रणाली, नवीनतम तथा आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी गांव-गांव तक किसान-किसान तक पहुंचाने हेतु विकसित कृषि संकल्प अभियान प्रारंभ किया गया है । विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में खरीफ पूर्व खेती की तैयारी की जानकारी किसानों को प्रदाय की जा रही है । जिसके लिए दलों का गठन किया गया है । उन्होने बताया कि दल में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य विभाग के अधिकारीगण, प्रगतिशील कृषक एवं एफपीओ के अधिकारी शामिल है, जो ग्राम पंचायतों में संगोष्ठी का आयोजन करते हुए किसानों को खरीफ पूर्व खेती करने की तैयारी के गुर बता रहे है । इसके साथ ही खेती किसानी के दौरान आने वाली समस्याओं का समाधान भी दल व्दारा किया जा रहा है , ताकि किसानों के लिए खेती लाभ का धंधा बन सके । संगोष्ठी के दौरान किसानों से फीडबैक भी प्राप्त किया जा रहा है ।

दो साल की मासूम बच्ची को पुलिस की तत्परता से सकुशल ढूंढा गया

उमरिया। विकटगंज स्थित नईबस्ती निवासी फरियादिया ने 29 मई 2025 की रात थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सुबह अपनी 02 साल की बच्ची को मोहल्ले में अपनी सहेली के पास छोडक़र बच्चे का इलाज कराने के लिए पति के साथ जिला अस्पताल उमरिया गई हुई थी, बच्चे का इलाज कराकर जब दोपहर में वापिस घर आई तब अपनी बच्ची को लाने अपनी सहेली के घर गई तो, मेरी बच्ची उसके पास नही थी। सहेली ने बताया कि मेरे पति बच्ची को दुकान से खाने के लिये कुछ दिलाने गये थे उसके बाद उसको खेलने के लिये छोड़ दिया उसके बाद से उसका पता नही है । फरियादिया द्वारा अपनी बच्ची को संभावित सभी स्थानो पर खोजा गया परंतु कोई पता नही चला फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 236/25 धारा 137(2) कायम कर विवेचना में लिया गया साथ ही बच्ची की पता तलाश हेतु तत्परता से कार्यवाही शुरू की गई । पुलिस द्वारा बच्ची की पता तलाश हेतु बारीकी से पूछताछ की गई साथ ही बस्ती के आसपास सभी स्थानो को बारीकी से चेक किया जहां कि बच्चे के खेलते हुये जाने की संभावना थी । पुलिस द्वारा लगातार जारी रखे गये खोजबीन के परिणामस्वरूप 30 मई 2025 को बच्ची को बस्ती से 500 मीटर दूर खड्डे नुमा स्थान से सकुशल दस्तयाब किया गया । प्रकरण में बच्ची का मेडीकल परीक्षण के साथ-साथ अग्रिम विधिसंगत कार्यवाही की जा रही है ।

ग्राम परासी में चरवाहा सम्मेलन कार्यक्रम संपन्न

उमरिया। वन परिक्षेत्र मानपुर के धमोखर ग्राम पंचायत के ग्राम परासी में बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया द्वारा चरवाहा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र संचालक बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया डॉ. अनुपम सहॉय, उपसंचालक बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया पी.के. वर्मा वन कर्मचारियों के साथ ग्राम के सरपंच, सचिव, ग्रामवासी , चरवाहों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में प्रकाश कुमार वर्मा ने वनो एवं मानव के सह अस्तित्व को बताते हुए जीवन में वन एवं वन्यप्राणियों की भूमिका की अहमियत को बताया एवं वनसुरक्षा में चरवाहों का योगदान समझाया। चरवाहों द्वारा भी जंगल में हो रहे परिवर्तन, जंगल की चुनौतियां एवं वन्यप्राणी विचरण के संबंध में बात की गई। बी.टी.आर. / चरवाहा सम्मेलन लोगो वाला गमछा भी चरवाहों को प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अन्त में चरवाहों को वन एवं वन्यप्राणियों की सुरक्षा करने एवं जंगल में आग न लगाने की शपथ दिलाई गई।

सहायक आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

उमरिया। जिले में सक्षम कार्यक्रम की टीम ने सहायक आयुक्त डॉ. पूजा द्विवेदी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में सक्षम कार्यक्रम की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट साझा की गई और सक्षम प्रोग्राम की सफलता की पुस्तक भेंट की गई। सक्षम कार्यक्रम के संदर्भ में सक्षम सेल यूनिट और नोडल अधिकारी चयन के संदर्भ में चर्चा की गई, जिसमें सहायक आयुक्त ने सहमति जताई।

सक्षम कार्यक्रम अंतर्गत प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा किशोर-किशोरियों को जीवन कौशल की शिक्षा दी जा रही है, जिससे वे अपने व्यवहारिक समस्याओं का हल आसानी से कर सकें। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना और उनके विकास में मदद करना है। इस अवसर पर सक्षम कार्यक्रम जिला प्रबंधन महारान प्रताप सिंह, सक्षम कार्यक्रम मास्टर ट्रेनर संजय पाण्डेय सर, और सक्षम ब्लॉक मैनेजर संदीप कुमार शुक्ला उपस्थित रहे।

महारत्न कंपनी की साख को पलीता लगाता जमुना कोतमा क्षेत्र का प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा। एचएमएस के क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि महारत्न कंपनी की साख को क्षेत्र का प्रबंधन मटिया मेट करने में तुला हुआ है वैसे तो सारी व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह है लेकिन विकराल गर्मी के आलम में क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था का बहुत बुरा हाल है। जमुना वर्कशॉप में कंपनी का लिफ्टर 8 माह से ब्रेक डाउन खड़ा है।

चूंकि नगरपालिका का भी अपना काम होता है काम से फुरसत होने पर लिफ्टर 4 से 6 घंटे बाद मिलता है तब तक कामगार या कंपनी का कार्य बाधित रहता है। श्रीकान्त शुक्ला ने कहा कि क्षेत्र में सक्रिय कुछ प्रबंधन से जुड़े अधिकारी न सिर्फ महारत्न कंपनी को बदनाम कर रहे है बल्कि क्षेत्र के मुखिया महाप्रबंधक को भी बदनाम कर रहे है। 30.5.25 को जी ब्लॉक में बिजली का ब्रेक डाउन 9.30 बजे हुआ और 2 बजे तक इसलिए नहीं बन पाया कि नगरपालिका अपना लिफ्टर किसी वजह से नहीं दे पाया। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने सख्त लहजे में प्रबंधन को आगाह कराया है कि यदि लिफ्टर को 7 दिवस के अंदर ठीक नही कराया जाता तो एचएमएस को मजबूरन

महाप्रबंधक का अनिश्चित कालीन के लिए घेराव किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी संबंधित विभाग की होगी।

गुलाब ग्राउंड को मिनी स्टेडियम बनाए जाने का वार्डवासियों ने किया विरोध

मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज बिजुरी। बिजुरी नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 11 और 12 के मध्य स्थित गुलाब ग्राउंड मैं नगर पालिका परिषद बिजुरी द्वारा मिनी स्टेडियम बनाए जाने का प्रस्ताव रखा गया था जिस पर वार्ड वासियों द्वारा अपना विरोध व्यक्त करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी बिजुरी को ज्ञापन सौंप मिनी स्टेडियम बनाए जाने का विरोध व्यक्त किया है, वार्ड वासियों ने बताया कि वार्ड क्रमांक 11 व 12 के मध्य स्थित गुलाब ग्राउंड से लगे हुए दुर्गा मंदिर, शंकर मंदिर विश्वकर्मा मंदिर व रजा मस्जिद है, जिनके कार्यक्रम व अन्य धार्मिक सामाजिक कार्यक्रम होलिका दहन, मीना बाजार व भंडारे का कार्यक्रम इसी मैदान में होता है, जो मिनी स्टेडियम बनने के बाद लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगाद्य वहीं इसी मैदान में साप्ताहिक बाजार भी रखता है तथा निकट भविष्य में यह साप्ताहिक बाजार स्थाई होने की भी संभावना है,बिजुरी नगर में भारी वाहनों का प्रवेश इसी ग्राउंड में होता है तथा कोरजा मंदिर, तहसील, थाना सहित गई जगह में जाने के लिए यही एक आम रास्ता है। वार्ड नंबर 11 व 12 के रह वासियों का पूरा निस्तार इसी ग्राउंड में होता है यह ग्राउंड सामाजिक निस्तार के लिए भी है, इस ग्राउंड से सटा हुआ पशु चिकित्सालय भी है जहां आने-जाने के लिए भी यही एक आम रास्ता है, इसी ग्राउंड में शासकीय दूध संग्रहक केंद्र भी है, जहां सभी लोगों का आना-जाना बना रहता है यदि खुले फुटबॉल ग्राउंड में मिनी स्टेडियम बना दिया जाता है तो वार्ड वासियों के निस्तारण व आवागमन मैं काफी समस्या पैदा हो जाएगी द्य गुलाब ग्राउंड से कुछ की दूरी पर वार्ड क्रमांक 13 में 10 करोड़ की लागत से स्टेडियम बनाया जाना है फिर उसके नजदीक एक और स्टेडियम के निर्माण में 3 करोड़ खर्च करना निश्चित ही शासन व आमजन के पैसे का दुरुपयोग है वार्ड वासियों ने कहा कि 3 करोड रुपए जो मिनी स्टेडियम के लिए खर्च किया जा रहा है वह पैसा नगर की सबसे बड़ी समस्या हॉस्पिटल व विद्यालय के समस्याओं के समाधान पर खर्च कर दे जिसका लाभ पूरे नगर को मिल सकेगा।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सीएमओ व नपाध्यक्ष ने दी विदाई

हरिभूमि न्यूज कोतमा। नगर पालिका परिषद् कोतमा के वरिष्ठ कर्मचारी सुषील कुमार मिश्रा पम्प अटेण्डेण्ट 41 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के उपरांत 30 मई को सेवानिवृत्त हुये साथ ही नगर पालिका परिषद् के स्थाई कर्मी गुलाब सिंह गोंड़ भी सेवानिवृत्त हुये। नगरपालिका अध्यक्ष अजय सराफ, पार्षद राजेन्द् रसोनी, बद्री ताम्रकार लाला, प्रदीप सोनी राजू, अंकित सोनी, अर्पण सिंह बिक्कू, मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रदीप झारिया द्वारा शाल एवं श्रीफल भेंटकर दोनों कर्मचारियों को विदाई दी गई एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। उक्त कार्यक्रम में नपा कर्मचारी अरूण सोनी, रवि सोनी, राबर्ट मसीह, मोहन भरिया, कमलनयन, रोहित पटेल, पंकज तिवारी, सुभाष सोनी, प्रियंक जैन, नारायण पयासी, संतोष केवट उपस्थित रहे।

फिर खून से लाल हुआ राजमार्ग क्रमांक 43

हरिभूमि न्यूज कोतमा। थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 अनूपपुर से मनेन्द्रगढ जाने वाले हाईवे रोड में सड़क हादसो से मौत होने की घटनाए थमने का नाम नहीं ले रही हैं। गुरुवार को फिर हाईवे रोड एक युवक के खून से लाल हो गई वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल अस्पताल में भर्ती है। घटना के बारे बताया जाता है कि मनमोहन पिता अर्जुन गोंड -20 वर्ष अपने साथी पारस पिता लेखन गोंड 21 बर्ष के साथ दोपहर 2 बजे के लगभग घर से पथरौडी के लिए निकले थे। हाइवे में कोतमा के समीप भारत पंप के पास पुलिया के ऊपर मनेंद्रगढ़ की ओर से आ रही कार एवं बाइक के बीच भीषण टक्कर हो गई। दो पहिया में सवार दोनों घायलों को गंभीर चोट आई वही कार चालक को भी चोट लगी। सूचना पर 100 डायल एवं कोतमा पुलिस टीम की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बाहर ले जाने के दौरान रास्ते में मनमोहन की मौत हो गई। वहीं दूसरे घायल पारस का उपचार जिला अस्पताल अनूपपुर में जारी है। पुलिस दोनों वाहनों को जप्त कर जांच कर रही है।

खबर संक्षेप

जल की एक-एक बूंद बचाने का दिया जा रहा संदेश

शहडोल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा सवंर्धन अभियान 30 मार्च से प्रारंभ किया है, जो कि 30 जून तक संचालित होगा। यह अभियान जन-जन के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। शहडोल जिले में आगामी तीन माह तक जल गंगा संवर्धन अभियान सतत रूप से चल रहा है। अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर नये तालाब बनाये जा रहे, वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों, बावडियों और कुँओं का जीर्णोद्धार भी किया जा रहा है। नदियों को साफ-स्वच्छ एवं जल एकत्रित करने के लिए भी कार्य किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद पंचायत बुढार के ग्राम पंचायत मजीरा में नवीन खेत तालाब का कार्य किया गया था जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया गया।

एसईसीएल समय ने समय नहीं किया वादा पूरा

रामपुर-बटुरा खुली खदान परियोजना के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी

शहडोल। रामपुर-बटुरा खुली खदान परियोजना प्रभावित किसानों ने अभी हाल ही में चर्चा शुरू कर दी है, किसी भी तरह से कोई काम में गति नहीं दिख रही है, पुनर्वास, पुनस्थापना सहित परिसंपति का मुआवजा का भुगतान नहीं होने से किसान नाराज हो रहे हैं, कई बार जानकारी मांगी गई, लेकिन कोई हल नहीं निकला, रोजगार फाइलो को लेकर किसानों में घोर नाराजगी जताई जा रही है, तीन तीन साल से कालरी फाईले फंसी हुई है, रिकॉर्ड जांच हो रही है और किसानों के खेत से कोयला निकलवाने के बाद पाट दिया गया और किसान मजबूर हो कर खदान बंद करता है तो, मुकदमा दर्ज किया जाता है। इंटरव्यू, मेडिकल, एचआरे, ना कमरा, छोटे छोटे कागजों को लेकर कार्मिक और हॉस्पिटल में घोर अपमान सहना पड़ता है, प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारियों से क्षेत्र के लोगों ने कहा है कि कभी आकर किसानों की हालत देख ले,

इतना ही नहीं इसी तरह से कालरी कार्यालय से तहसीलदार एसडीएम कार्यालय के लिए रोजगार की फाइल भेजी जाती है, उसे भी एक-एक दो माह रोक कर रखा जाता है, इस मामले में भी जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाये। अगर किसानों की मांग समय पर पूरी नहीं होती है तो, किसान अब निर्णय स्वयं करेगा, उसके पास अपनी जमीन है, जिस पर खदान खुली है, उसे बंद कर देगा और जब तक मांग पूरी नहीं होगी, तब तक खदान बंद रहेगी। यह बात सक्तत रुप से भूपेश शर्मा सामाजिक कार्यकर्ता,जनपद सदस्य चंद्रकुमार तिवारी, राजकमल मिश्रा सांसद प्रतिनिधि, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शांति मनमोहन चौधरी, सरपंच श्रीमती प्रेमिया बैगा, पूर्व सरपंच झोले बैगा, उप सरपंच राजाराम मिश्रा, आनंद त्रिपाठी,किसान नेता आदित्य त्रिपाठी ओमप्रकाश द्विवेदी, राजू सोनी, नेमसाय जी, प्रमोद बैगा, बद्री साहू, राकेश गुप्ता, बाल्मिक साहू, मूलचंद्र गुप्ता, भगवानदास बैगा, कल्लू राठौर, दिलीप पांडे, श्री गुप्ता, रमाकांत मिश्रा, बोग्गा महराज हीरामणि, अखिलेश त्रिपाठी, उमेश चौधरी, शिवप्रसाद, श्री राम विश्वकर्मा, सहित सभी ग्रामीणों ने एक साथ एक राय से बंद करेंगे खदान जिसकी जिम्मेदारी प्रबंधन एवं प्रशासन की होगी।

सिंचाई की आस में गुजरी पीढियां

पहाड़िया की जलाशय परियोजना का और कितना इंतजार

हरिभूमि न्यूज, बिरसिहपुर पाली

उमरिया जिले के पाली विकास खंड की पहडिया जलाशय परियोजना से सिंचाई की आस में लाभांवित गाँव की एक पीढ़ी तो गुजर गयी, लेकिन प्रशासन की हीला हवाली, सरकारों की गैर जिम्मेदाराना आचरण के कारण किसानों की आशा - निराशा में बदलने लगी है।

ज्ञात होवे की पहाडिया जलाशय का काम वर्ष 1980 में राहत मद से जलाशय का काम शुरू किया गया था, जिसमें से बांध की मेड का काम लगभग पूरी हो गयी है, बांध के लिये भूमि अधिग्रहण भी कर ली गई है, किसानों को मुआवजा भुगतान कर जलाशय के लिए सुरक्षित किया जा चुका है, इस सबके बाद राजधानी के मुख्यालय स्तर पर बैठे विभागीय अधिकारियों की कुंभकरणीय निंद्रा में लीन होने के कारण परियोजना लटकी हुई है। जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों के लगातार प्रयास के कारण वर्ष 2016 में साध्यता प्रदेश स्तरीय विभागीय अधिकारियों व्दारा जारी किया गया था, लेकिन इन नौ वर्षों में भोपाल में बैठे आला विभागीय अधिकारियों के कारण आज तक प्रशासकीय स्वीकृति नहीं मिल पायी।मालुम होवे की पहडिया जलाशय परियोजना के बन जाने से क्षेत्र के चार गाँव की 500 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होगी,जिससे लगभग 2000 लघु और सीमांत किसानों को लाभ मिलेगा।पहडिया जलाशय से भदरा, बडवाही, इटौर और बकेली गाँव के आदिवासी किसानों को इसका लाभ मिलेगा। बांध को देखने से पता चलता है कि बांध के निर्माण कार्य लगभग 95 प्रतिशत का काम पूरा हो चुका है। सिर्फ बचा है तो स्थानीय सजलीय नाला के दोनों किनारे तक बनी मेड को जोड़ने काम, जिसके लिए विभाग के उच्चाधिकारियों ने आज तक मुहुर्त नहीं निकाल पाया। गौर तलब है कि पहडिया जलाशय के शुरू होने के बाद केन्द्र से लेकर राज्य तक की सरकारे आयी और गयी लेकिन इस क्षेत्र में अधिकतम समय भारतीय जनता पार्टी के नुमाइंदे के रूप में भारतीय जनता पार्टी के ही विधायक सुशोभित रहे जिनकी सरकार भी तकरीबन चार पंचवर्षीय से प्रदेश में सत्तारूढ़ है, और जिनके लोक लुभावना वादो के मलबे में पीढियां गुजर गयी , फिर भी देश के अन्न दाताओ की आशा मृगतृष्णा बनी हुई है। प्रदेश की किसान हितैषी सरकार अगर इस ओर ध्यान दें तो चंन्द्र रूपयों के अभाव में लटकी परियोजना की फसल से न सिर्फ चार गाँव की भूखमरी दूर होगी, इस फसल की लहलहाने से भाजपा की जडे मजबूत होकर अमर बेल की भांति पूरे जिले में लहलहा उठेगी। अपेक्षा है कि प्रशासनिक पहल के साथ जनप्रतिनिधियों का सहयोग इस परियोजना के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

विवाह सहायता राशि पाने भटक रहे नवविवाहित जोड़े

ब्यौहारी। जनपद पंचायत के अंतर्गत 8 म ई को उकसा में 350 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ था विवाह सहायता राशि 49000 प्रत्येक जोड़ो को मिलना जो राशि अब तक नहीं मिली है विवाह सहायता योजना की लाभार्थी प्रीति विश्वकर्मा ग्राम चरका ने बताया कि मैं कई बार जनपद जा चुकी हूं विधायक को भी बताइ लेकिन अभी तक 49000 का चेक नहीं मिला जनपद आने-जाने में बहुत परेशानी होती है परेशान आवेश को कलेक्टर से शीघ्र विवाह सहायता राशि दिलाए जाने की मांग की है

इनका कहना है

विवाह सहायता राशि खाते में कुल 38 लाख रुपए हैं और चाहिए 45 लाख रुपए आधा अधूरा बिल नहीं लगता इसलिए जब खाते में पैसा आ जाएगा तभी सभी लोगों को विवाह सहायता राशि मिल पाएगी

यूं एस पेड्रो खंड पंचायत अधिकारी ब्यौहारी

शिकायतों के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रदान किया प्रशंसा पत्र

कटनी। सी. एम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में अप्रैल माह में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ए ग्रेड अर्जित करने पर निगमायुक्त नीलेश दुबे ने नगर निगम कटनी के स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छता निरीक्षक एवं एल 1 अधिकारी मदनमोहन चौकसे को प्रशंसा पत्र प्रदान किया है। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 में साफ सफाई दर्ज 275 शिकायतों में से 271 शिकायतों का 98.55 % , आवारा कुत्तों की शिकायतों का निराकरण किया।

एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र में हीट वेव से बचाव पर विशेष प्रशिक्षण: गुरुकुल बिलासपुर के विशेषज्ञों ने दी 55 कर्मचारियों को जीवनरक्षक जानकारियां, चलचित्र और योग से जागरूकता का संचार

हरिभूमि न्यूज, धनपुरी ।

भीषण गर्मी और लू के खतरे को देखते हुए एसईसीएल के सोहागपुर एरिया अंतर्गत बीटीसी परिसर में 30 मई 2025 को एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण गुरुकुल बिलासपुर द्वारा प्रदान किया गया, जिसमें लगभग 55 कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी की।कार्यक्रम की अगुवाई गुरुकुल के प्रख्यात प्रोफेसर डॉ. अशोक ने की। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि हीट वेव के दौरान किन उपायों से धूप और गर्मी से बचा जा सकता है और लू लगने की स्थिति में क्या त्वरित उपचार किया जाना चाहिए। डॉ. अशोक ने सरल भाषा में स्वास्थ्य संबंधी उपायों को समझाया और चलचित्रों के माध्यम से प्रशिक्षण को रोचक और प्रभावी बनाया।इस अवसर पर गुरुकुल के संस्थापक संजय शर्मा ने भी अपनी सहभागिता दी। उन्होंने प्रोजेक्टर एवं योग वीडियो के माध्यम से बताया कि योग और प्राणायाम के माध्यम से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कैसे बढ़ाई जा सकती है और गर्मी से सुरक्षित रहने के उपाय क्या हैं।सेफ्टी और ट्रेनिंग टीम की अहम भूमिकाकार्यक्रम को सफल बनाने में एरिया सेफ्टी ऑफिसर श्री आर. पटेल तथा एरिया ट्रेनिंग ऑफिसर श्री पाटलेसर का विशेष योगदान रहा। साथ ही खदानों से आए सुरक्षा समिति के सदस्य एवं सुरक्षा अधिकारी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई।शुभारंभ मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन सेकार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से की गई। अतिथियों का स्वागत गुलदस्ते भेंट कर किया गया। तत्पश्चात योग और स्वास्थ्य पर आधारित जानकारीपूर्ण सत्र आयोजित किए गए।बीटीसी स्टाफ का रहा अमूल्य योगदानकार्यक्रम के सफल संचालन में बीटीसी स्टाफ का विशेष योगदान रहा, जिसकी सभी उपस्थितजनों और पीसीआरसी मेंबर्स ने सराहना की। सभी ने इस प्रशिक्षण से मिली जानकारियों को न केवल अपने जीवन में अपनाने बल्कि अपने साथियों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया।संकल्प के साथ हुआ समापनकार्यक्रम का समापन सकारात्मक ऊर्जा और सुरक्षा के संकल्प के साथ हुआ। प्रतिभागियों ने इसे अत्यंत उपयोगी और जीवनरक्षक अनुभव बताया।

धनपुरी में मनाई गई महाराणा प्रताप जयंती
वीरता और आत्मबल का किया गया स्मरण

हरिभूमि न्यूज, धनपुरी ।

क्षत्रिय समाज द्वारा देश के महान योद्धा और आत्मसम्मान के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती का आयोजन किशोरी मोहन सिंह के निवास पर पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर क्षत्रिय समाज के समाजसेवियों के साथ-साथ युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।कार्यक्रम की शुरुआत महाराणा प्रताप के तैलचित्र पर माल्यार्पण व वंदना से हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. विजय सिंह ने की। समारोह में वक्ताओं ने सारगर्भित उद्बोधन में क्षत्रिय समाज के उत्थान हेतु प्रेरणादायी विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप त्याग, वीरता, आत्मबल और संकल्प के प्रतीक हैं। उनका जीवन समस्त क्षत्रिय समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है।महाराणा प्रताप की वीरता का किया गया स्मरणडॉ. विजय सिंह ने अपने भाषण में कहा कि महाराणा प्रताप जब युद्ध हेतु मैदान में उतरते थे तो उनके 7 फीट लंबे कद, 110 किलो के शरीर भार, और 80 किलो की तलवार व कवच सहित कुल 207 किलो वजन के साथ युद्ध में उतरना शौर्य की मिसाल है। उनका चेतक नामक घोड़ा और हाथी रामप्रसाद भी उनके प्रति पूरी निष्ठा रखते हुए युद्ध में प्राणों की आहुति दे गए। यह वीरता आज भी समाज के लिए गौरव की बात है।अंत में जब महाराणा प्रताप के निधन की खबर अकबर तक पहुँची, तो अकबर की आँखों से आँसू निकल आए और उन्होंने कहा, ‡ऐसा वीर पुरुष मैंने आज तक नहीं देखा।‡समाज की एकता और उत्थान का आह्वानसमारोह में वक्ताओं ने कहा कि यदि क्षत्रिय समाज अपने इतिहास को याद कर एकजुटता प्रदर्शित करे, तो समाज की प्रगति अवश्य सुनिश्चित की जा सकती है। वक्ताओं ने समाज के दुख-सुख में सहभागी बनने और सहयोग की भावना को अपनाने का आह्वान किया।अनेक गणमान्य लोग रहे उपस्थितइस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ. विजय सिंह, रामसिंह, सूर्यमणि सिंह, केपी सिंह, महेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, रामलोचन सिंह, शशि भूषण सिंह, एनपी सिंह, किशोरी मोहन सिंह, सीपी सिंह, संतोष सिंह सेंगर, सुधीर सिंह, देवकुमार सिंह, गणेश सिंह, लव सिंह, लाल प्रभाकर सिंह सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

सामाजिक उत्थान पर वैश्य महासम्मेलन में हुई चर्चा

ब्यौहारी

नगर परिषद के अंतर्गत 28 मई 2025 को उत्सव पैलेस ब्यौहारी में वैश्य महासम्मेलन की बैठक किया गया। जिसमें वैश्य महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री मनीष गुप्ता , जिला अध्यक्ष राजेश गुप्ता , जिला प्रभारी नीरज गुप्ता शहडोल से पदम खेमका ,सत्यभामा गुप्ता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शहडोल, केपी हवाई , उज्जवल केसरी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ब्यौहारी, रोशन नागपाल, चिरौंजी लाल चंचलानी , हरबक्श राय, लालजी गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता जवाहर गुप्ता ज्ञानचंद गुप्ता, मोनू गुप्ता,हीरालाल साहू, सुरेश साहू, वेंकट साहू राम जी साहू एवं सभी समाजों के वरिष्ठ समाज समाजसेवी जनों की उपस्थिति में सामाजिक संगठन पर चर्चा, एवं सामाजिक उत्थान पर चर्चा कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें नगर के गढ़ मान्य सामाजिक वरिष्ठ बंधु जन एवं महिलाओं की उपस्थिति रही।

विधायक ने कृषि संकल्प अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

शहडोल । जिले के बुढ़ार जनपद की ग्राम पंचायत सेमरा में विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी ने विकसित कृषि संकल्प अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ 12 जून तक बुढ़ार जनपद पंचायत के अन्य ग्रामों तथा ग्राम पंचायतों में भ्रमण कर किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों एवं नवाचारों की जानकारी देने का कार्य करेगा। इस अवसर पर उप संचालक कृषि श्री आरपी झारिया, कृषि विज्ञान केन्द्र के समन्वयक, कृषि वैज्ञानिक डॉ. मृगेन्द्र सिंह, कृषि वैज्ञानिक डॉ. बीके , सहायक अभियंता कृषि अभियांत्रिकी रीतेश पयासी, सहायक संचालक कृषि रामेन्द्र सिंह, सीईओ जनपद पंचायत बुढ़ार राजीव लघाटे, एपीओ दिवाकर सिंह, रिलायंस सीएसआर हेड रंजीत श्रीवास्तव, जनपद उपाध्यक्ष बुढ़ार हर्ष प्रताप सिंह,किसान संघ के अध्यक्षक रविकांत त्रिपाठी, नर्मदा साहू, राहुल सिंह, यशोदा सिंह, ग्राम पंचायत सरपंच सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

कागजों में सिमट रहा जल गंगा संवर्धन अभियान

ब्यौहारी। जनपद पंचायत के अंतर्गत कुछ पंचायत में जल गंगा संवर्धन अभियान कागजों में सीमट रहा है हमारे संवाददाता द्वारा ग्राम पंचायत खारपा के देवराव तालाब टोला में स्थित तालाब का भ्रमण किया जहां पर रहने वाले निवासियों ने बताया कि यहां पर पंचायत द्वारा कोई साफ सफाई नहीं कराई गई इसके अलावा भी ग्राम वासियों ने कहा कि पंचायत द्वारा यहां पर घाट निर्माण एवं स्नानागार बनाए जाने के लिए भी सरपंच द्वारा कहा गया था लेकिन आज तक निर्माण कार्य नहीं कराया गया इसी तरह ग्राम पंचायत बोड्डिहा, देवरी, मगरदा , सामान, बुढ़वा पंचायत में जल्द गंगा संवर्धन अभियान के तहत कोई कार्य नहीं कराया गया गांव में सरपंच सचिव द्वारा चालाकी करते हुए ऐसे ग्रुप सकरी कर दिए जो सुबह इकट्ठा करके लोगों की फोटो खींच लेते हैं और वह फोटो पंचायत के सचिव को भेज देते हैं और सचिव वही फोटो जनपद के ग्रुप में डाल देते हैं जिससे अधिकारियों को यह लगता है कि कार्य हो रहा इसलिए अधिकारियों को और अधिक सक्रियता से निरीक्षण करना चाहिए इसके साथ ही 10 मिनट 20 मिनट का कार्य करते हुए वीडियो भी मांगना चाहिए इसी तरह से पंचायत में इस समय फर्जीवाड़ा चल रहा है ग्राम पंचायत खारपा के लोगों ने देवराव तालाब वार्ड नं 20 का सौंदरीकरण कराए जाने की मांग की है ।

कलेक्टर ने की ग्रामीण क्षेत्रों में स्वीकृत आवासों की समीक्षा

शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत अत्यंत पिछड़ी जनजाति बैगा हितग्राहियों को स्वीकृत किए गए आवासों के प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि कोई भी पात्र बैगा हितग्राही योजना का लाभ लेने से वंचित नहीं रहे। आपने जनपद पंचायतों के मुख्यकार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत सचिवों से इस आशय के प्रमाण पत्र प्राप्त किए जाएं। आपने यह भी निर्देश दिए कि दल बनाकर स्वीकृत आवासों का सत्यापन कराया जाए। हितग्राहियों को समय पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त जारी कर दी जाए। ग्राम पचांयत स्तरीय अमले द्वारा इन आवासों की सतत रूप से मानीटरिंग की जाए तथा जो आवास अपूर्ण हैं उन्हें शीघ्र पूरा कराएं।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री मुद्रिका सिंह, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री आनन्द राय सिन्हा, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, परियोजना अधिकारी आवास पी.सातपुते, सीईओ जनपद पंचायत तथा ब्लॉक समन्वयक उपस्थित रहे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों की समग्र ई-केवायसी का कार्य किया जाना हैं। सभी सीईओ जनपद पंचायत लंबित ई-केवायसी का कार्य 15 दिवस के भीतर दैनिक लक्ष्य बनाकर पूरा करें। अभी तक जिले में 53 प्रतिशत ई-केवायसी का कार्य किया गया है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बावजूद सिफर कार्यवाही

नहीं सुधर रही नगर की बदहाल यातायात व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज कोतमा। नगर की बदहाल यातायात व्यवस्था सुधारने का नाम नहीं ले रही है। आलम यह है कि वाहन मालिक सड़क पर ही वाहन खड़ा करते हुए अघोषित पार्किंग बना लिए हैं जिसके कारण आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। बता दें कि नगर के बनिया टोला से केरहा नाला तक मॉडल सड़क का निर्माण यह सोचकर किया गया था कि नगर की सड़क चौड़ी हो जाएगी और लोगों को आवागमन करने में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा साथ ही नगर का सौंदर्य भी बढ़ेगा लेकिन बदहाल यातायात व्यवस्था के कारण पानी फिरता नजर आ रहा है।

सकरी हो गई सड़क

नगर का मॉडल सड़क बनते ही भ्रष्टाचार गया विभागीय लापरवाही के साथ ही ठेकेदार के द्वारा सही ढंग से निर्माण का नहीं करने एवं नहीं हटाने के कारण मॉडल सड़क सक्ररी नजर आ रही है। ठेकेदार के द्वारा सड़क में लगे पुराने लोहे के खंबो को नहीं हटाया गया है जबकि उन्हें हटाकर निर्माण कर पूरा करना चाहिए था।

दिखावे की कार्यवाही

वर्तमान में मॉडल रोड सड़क का हाल लिया है कि सड़क की अगल-बगल निवास करने वाले एवं दुकानदारों के द्वारा अपनी दो पहिया चार पहिया नियमित नियमित रूप से खड़ा कर देते हैं, वहीं दुकानदारों के द्वारा सड़क पर ही खड़ा करके गैरेज दुकान के सामने वाहनों के मरम्मत का कार्य भी किया जाता है जिसके कारण अब यह लोगों को लगने लगा है कि यह मॉडल सड़क नहीं अघोषित रूप से पार्किंग का अड्डा बनकर रह गया है। पूर्व में हरिभूमि ने प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था जिसे गंभीरता से लेते हुए जिले के पुलिस अधीक्षक मोती उर्रहमान के द्वारा स्थानीय पुलिस एवं यातायात पुलिस को निर्देशित करते हुए ऐसे वाहन के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे, लेकिन जिला यातायात एवं स्थानीय पुलिस के द्वारा अभियान शुरू किया गया और मात्र लोगों को दिखावे के लिए एलाउंसमेंट करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए लेकिन यह दिखावा साबित होकर रह गया। कहने को तो मॉडल सड़क का निर्माण चौड़ी कारण करते हुए किया गया है लेकिन अघोषित रूप से पार्किंग का अड्डा बन जाने के कारण यह सड़क सिकुड़ गई है जिसके कारण प्रतिदिन वाहनों का जाम लग जाता है घंटो लोग जाम लगने की वजह से परेशान होते नजर आते हैं। नागरिकों के सामने वर्तमान मे एक आशा की किरण जगी है नागरिकों का कहना है कि नवागत थाना प्रभारी की कार्यशाली को देखते हुए यह लगने लगा है कि आने वाले समय में मॉडल सड़क में खड़े वाहनों एवं अघोषित रूप से पार्किंग का अड्डा बना लिए जाने पर अभियान चलाकर नवागत थाना प्रभारी के द्वारा कार्यवाही जरूर की जाएगी जिससे नागरिकों को प्रतिदिन घंटे जाम एवं आए दिन हो रही दुर्घटना से छुटकारा जरूर मिलेगा।

इनका कहना है

ऐसे वाहन जो नियमित रूप से माडल सड़क में खड़े हो रहे हैं साथ ही दुकानदारों के द्वारा सड़क पर ही दुकान के नाम बोर्ड सडक पर ही रख दिए जाते हैं जिसके कारण आवागमन प्रभावित होता है समझाइए दी जाएगी नहीं मानने पर कानूनी कार्यवाही करते हुए जप्ती की कार्यवाही की जाएगी।

रत्नाम्बर शुक्ला
थाना प्रभारी कोतमा

अर्जुन देव जी महाराज गुरुद्वारा में किया गया पुण्य स्मरण

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक

धर्म की रक्षा के लिए जुल्म विरोध हुकूमत से लड़ते हुए सिख धर्म के पांचवे गुरु अर्जन देव जी महाराज के शहादत दिवस पर स्थानीय गुरु नानक गुरुद्वारा साहिब में आज पुण्य स्मरण किया गया इस अवसर पर गुरुद्वारा परिसर के द्वार के सामने सभी भक्त श्रद्धालुओं को मीठा शरबत पिलाकर याद किया गया। उल्लेखनीय है कि स्थानीय गुरु नानक गुरुद्वारा साहिब में दूरस्थ अंचलों से आने वाले तीर्थ यात्रियों भक्त श्रद्धालुओं को समय-समय पर आवास हेतु रहने की व्यवस्था की जाती है तथा यात्रियों भक्ति श्रद्धालुओं को लंगर में भोजन प्रसाद कराया जाता है तथा विशेष अवसरों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी कड़ी में आज प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में आज सिख धर्म के पांचवे गुरु अर्जुन देव जी महाराज पुण्य शहीदी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करते हुए सभी श्रद्धालुओं अनुयायियों भक्तों को बैठा कर ससम्मान उन्हें मीठा शरबत स्मरण में पिलाया गया। इस अवसर पर स्थानीय गुरु नानक गुरुद्वारा साहब के प्रमुख सरदार जंग सिंह सरदार विनय सिंह सभी आगंतुक जनों का स्वागत कर सरवत पिलाया।

खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में लिप्त 8 वाहन जप्त

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु खनिज विभाग अनूपपुर द्वारा 02 दिवसों में कुल 08 वाहनों को खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में लिप्त पाये जाने पर जप्त किया गया है। बुधवार को तहसील पुष्पराजगढ अंतर्गत आकस्मिक भ्रमण के दौरान ग्राम उफरीखुर्द में 02 वाहन ट्रैक्टर मय ट्राली बिना नंबर, ग्राम सरईपतेरा में 02 वाहन ट्रेक्टर मय ट्राली खनिज बोल्डर का अवैध उत्खनन करते हुए पाये जाने पर जप्त किये गये एवं वाहन ट्रैक्टर मय ट्राली को सिवनी संगम रोड पर खनिज रेत के अवैध परिवहन करते पाये जाने पर जप्त किए गए।

29 मई से 30 मई की दरम्यानी रात्रि को बिजुरी क्षेत्र भ्रमण के दौरान एक वाहन मेटाडोर क्रमांक सीजी 16 सीएच 8606 को ग्राम बहेराबांध में खनिज रेत अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर जब्त किया गया। इसी तरह सीतापुर - हर्री सोन नदी में 02 वाहन खनिज रेत का अवैध उत्खनन करते हुए पाए जाने पर जब्त किए गए, जिनके वाहन क्रमांक एमपी 18 एबी 4375 हैं। साथ ही 30 मई को एक अन्य वाहन ट्रैक्टर मय ट्राली बकान नाले से अवैध रेत भरकर आते हुए ग्राम परसवार में जब्त किया गया। जब्तशुदा वाहनों के स्वामियों के विरुद्ध खनिज के अवैध परिवहन पर नियमानुसार प्रकरण दर्ज कर न्यायालय कलेक्टर अनूपपुर में प्रस्तुत किया गया है।

डेढ़ लाख कीमती सर्विस केबल के चोरी के आरोपी धराये

विद्युत विभाग की शिकायत पर जैतहरी पुलिस की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज जैतहरी

28 मई को फरियादी संतोष सिंह धुर्वे पिता सुरेश सिंह धुर्वे उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम टकहुली थाना जैतहरी लाईन मैन म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लिमि.जैतहरी जिला अनूपपुर का आवेदन पत्र सहायक अभियंता म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लिमि.जैतहरी द्वारा हस्ताक्षरित लाकर पेश किया कि 21.05.2025 की मध्य रात्रि के दौरान ग्राम पोंडी निवासी छोटू सिंह पिता गुलाब सिंह गोड एवं हरिचन्द्र सिंह पिता मोलसिंह गोड के द्वारा 7 स्पान एल.टी.पोल के केबल तार को चोरी कर लिया गया है। प्राप्त आवेदन पश्चात चोरी हुये केबल का नजरी नक्सा बनाकर अवगत कराया गया है कि सबस्टेशन वेंकटनगर से निकली 11 के.व्ही. पोडी फीडर मे दरोगा सिंह गोड के नामे अनुदान योजना मे लगा ट्रांसफार्मर अन्तर्गत लगे 10 पी.सी. पोल 10 स्पान मे से 7 स्पान का केबल तार चोरी हो गया है। इस घटना से शासन/कंपनी को लगभग 142582 रू की आर्थिक छति हुयी है। जिस पर कानूनी कार्यवाही की मांग की गई। आवेदन पत्र पर अपराध धारा 303(2), 3(5) बीएनएस एवं 136 बिधुत अधिनियम पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना उपरोक्त दोनो आरोपीगणो को अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ कर मेमोरेण्डम लेख कर कथन लेख किया गया जो चोरी किया तार का सिंघौरा मे ज्ञान सिंह के कुआ मे एंव छोटू सिंह उर्फ कृष्णा की बाडी मे रखे पैरा के नीचे छिपाकर रखना बताये जो बताये गये स्थान ज्ञान सिंह के कुआ से 350 मीटर एंव छोटू सिंह की बाडी से 100 मीटर कुल 450 मीटर सर्विस केबल कीमती 142582 रूपये एंव घटना मे प्रयुक्त प्लास बरामद कर आरोपियो के कब्जे से जप्त कर उपरोक्त आरोपियो को गिरफ्तार कर जेआर पर पेश किया गया जिसे जेल वारंट बनने पर जिला जेल अनूपपुर दाखिल किया गया है। उक्त कार्यवाही मे पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर इसरार मंसूरी एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनूपपुर सुमित केरकेट्टा के मार्गदर्शन मे थाना जैतहरी के थाना प्रभारी निरीक्षक अमर वर्मा, उपनिरीक्षक अमरलाल यादव, प्रधान आरक्षक सुखदेव राम भगत, बलराम पैकरा, आरक्षक विजय टाटू की सराहनीय भूमिका रही।

दो हजार दिन काम के बाद भी बिजली आउटसोर्स का कोटा शून्य क्यों

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। म.प्र. में 3 वर्ष के दौरान कुल दो सौ दिन काम करने वाले प्रदेश के सभी अतिथि शिक्षकों को नई रेगुलर सीधी भर्ती में 50 प्रतिशत का कोटा म.प्र. के राजपत्र क्र.-369 के माध्यम से आरक्षित किया गया है, पर हैरत की बात है कि झुलसती गर्मी, ठिठुरती ठण्ड, आँधी-तूफान, बरसते पानी और कोरोना जैसी आपदाओं के बीच वर्ष में 365 दिन विपरीत परिस्थितियों में आपातकालीन व जोखिमपूर्ण कार्य करने वाले म.प्र. के बिजली आउटसोर्स कर्मियों की नई सीधी भर्ती में अनदेखी हो रही है और उन्हें बिजली कम्पनियों की नई भर्ती में 1 प्रतिशत भी कोटा नहीं दिया जा रहा है, जो सरासर नाइंसाफी व दोहरा मापदण्ड है। इसमें बदलाव कर प्रदेश के बिजली आउटसोर्स कर्मियों का तृतीय व चतुर्थ श्रेणी की नई सीधी भर्ती में 50 प्रतिशत कोटा रखा जाना चाहिए, इस आशय का सुझाव पत्र बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव एवं महामंत्री राहुल मालवीय ने मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री को पत्र प्रेषित कर किया है। श्री भार्गव का कहना है कि यदि म.प्र. की सभी 6 बिजली कम्पनियाँ सीधी भर्ती में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के सभी रिक्त पद फ्रेशर्स से भर देंगी, तो म.प्र. विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान जारी भाजपा संकल्प पत्र के प्र.क्र.-81 पर अमल कर इन आउटसोर्स कर्मियों को संविदाकर्मी बनाकर उसका लाभ इन्हें कैसे मिल पायेगा? श्री भार्गव का मत है कि बिजली सेक्टर में सदैव अनुभव का खासा महत्व रहा है, यहाँ अनुभव को वरियता देने की परम्परा रही है। जैसे म.प्र. में विगत 50 वर्षों में काँग्रेस व अन्य सरकारों के दौरान डेली वेजेस व मस्टर कर्मियों को सीधी भर्ती में प्राथमिकता देकर नियमित करने की परिपाटी थी, वही फार्मूला अब भाजपा की सरकार को बिजली सेक्टर में चल रही भर्ती प्रक्रिया एवं प्रस्तावित भर्ती में अपनाकर 200 दिन से अधिक काम करने वाले बिजली आउटसोर्स कर्मियों के लिए सीधी भर्ती में 50 प्रतिशत का कोटा अतिथि शिक्षकों की तर्ज पर देना चाहिए अन्यथा म.प्र. के बिजली आउटसोर्स कर्मचारी आंदोलन पर विवश होंगे।

कल्याण सेवा आश्रम में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक के स्थानीय कल्याण सेवा आश्रम में छत्तीसगढ़ राज्य के सक्ती जांजगीर चांपा महिला मंडल के द्वारा 30 मई दिन है शुक्रवार से 6 जून शुक्रवार तक सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का धार्मिक आध्यात्मिक भव्य आयोजन प्रारंभ हो गया उक्त धार्मिक आध्यात्मिक श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के पूर्व स्थानिक कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक से नर्मदा उद्गम मंदिर परिसर तक विशाल शोभा यात्रा कलश यात्रा निकली भक्त श्रद्धालु महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर भक्ति भाव के साथ नाचती गाती भजन करती हुई निकली नर्मदा मंदिर परिसर में कलश का श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का विधिवत पूजन अर्चन किया गया इस अवसर पर सैकड़ो के तादाद में जांजगीर चांपा कोरबा सक्ती से महिला पुरुष भाग लेने हेतु आए हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के कलश यात्रा एवं शोभायात्रा में सक्ती जांजगीर चांपा संसदीय क्षेत्र के सांसद कमलेश जांगड़े अधिवक्ता श्रीमती अनुराधा राठौर साथ-साथ चलते रहे। गौरतलब है कि श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा भागवत किरीट व्यास पीठ से पंडित राजेंद्र शर्मा शास्त्री के द्वारा कथा वाचन किया जाएगा। कथा संध्या काल 4ः से संध्याकाल 7ः बजे तक किया जाना है भक्त श्रद्धालुओं से आधिकारिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की गई है। अंतिम दिवस 6 जून शुक्रवार को हवन भंडारा आदि किया जाएगा।

एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

उमरिया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण, पुलिस मुख्यालय भोपाल ,पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण उमरिया के निर्देशानुसार शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया में नए अपराधिक कानून 2023 को छात्र-छात्राओं एवं जनमानस में जागरूकता पहुंचने के उद्देश्य से प्रशिक्षण का आयोजन किया गया स प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिमांशु चौधरी डीएसपी पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय उमरिया,निरीक्षक रवि शंकर , संतोष , सुनीता और आरक्षक , रंजीत पुलिस विभाग के अधिकारी प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहे स प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को आपराधिक न्याय प्रणाली को अपडेट करने ,भारतीय नागरिक सुरक्षा ,भारतीय सुरक्षा अधिनियम ,ऑनलाइन शिकायत इलेक्ट्रॉनिक सम्मन आदि से अवगत कराया गया स 1 जुलाई 2024 से लागू नवीन अपराध अधिनियम के अंतर्गत तकनीकी का प्रयोग से नए अपराध आतंकवादी , मॉब लिचिंग,स्नैचिंग अपराध आदि की जानकारी विभिन्न अधिकारियों द्वारा की गई है स उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ नियाज़ अहमद अंसारी सर द्वारा तथा सफल संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ राजीव तिवारी द्वारा किया गया स कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ पिंकी सोमकुंवर , शिव कुमार हल्दकार, डॉ राजेंद्र पटेल , सुनील हिरवे, डॉ जुगुल , डॉ रिचा तिवारी , दिनेश विश्वकर्मा सहित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

तीन-तीन ग्रामों में कृषि शिविरों का किया गया आयोजन

शहडोल। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जिले में कृषि विभाग तथा सहयोगी विभागों कृषि विज्ञान केन्द्र, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी तथा मत्स्यपालन विभाग के अमले द्वारा बुढ़ार, सोहागपुर तथा गोहपारू जनपद पंचायतों के तीन-तीन ग्रामों में कृषि शिविरों का आयोजन किया गया।

सोहागपुर जनपद पंचायत में कृषि वैज्ञानिक डॉ. अल्पना शर्मा के मार्गदर्शन में सोहागपुर जनपद पंचायत में पचगांव, केलमनिया, तथा पठरा में, बुढ़ार जनपद पंचायत में कृषि वैज्ञानिक डॉ. बीके प्रजापति के मार्गदर्शन में ग्राम साबो, झगरहा तथा चाका में तथा गोहपारू जनपद पंचायत में कृषि वैज्ञानिक डॉ. बीके प्रजापति के मार्गदर्शन में ग्राम देवदहा, गोहपारू तथा खाम्हा में शिविरो का आयोजन कर कृषि संबंधी जानकारी दी गई तथा किसानों की समस्याओं का समाधान किया गया। शिवर में किसानों को खेती को आधुनिक बनाने के लिए महत्वपूर्ण सलाह दी गई तथा खेती की उन्नत तकनीक, फसलों के आधुनिक और उन्नत बीज, कृषि में किए जा रहे नवाचार, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण के संबंध में भी किसानों को जानकारी दी गई।

।। श्री गणेशाय नमः।।
श्री गुजरात ग्रेनाईट एण्ड टाईल्स
CERA
फुटकर एवं थोक विक्रेता
ग्रेनाईट शेरा ब्राण्ड उत्तम क्वालिटी कम दामों में उपलब्ध
पता - तहसील कार्यालय के पास, जैतहरी रोड, अनूपपुर
संपर्क करें - 7742294629, 7440984719